वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

कार्यालय, समन्वयक, प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (सामान्य / संस्कृत) प्रवेश परीक्षा, 2024

Pre D.El.Ed. Examination 2024

आवेदक द्वारा घोषणा

मैं .... पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री .... घोषणा करता /करती हूँ कि

1. मैंने प्री डी.एल.एड. (सामान्य) / प्री डी.एल.एड. (संस्कृत) परीक्षा, 2024 से सम्बन्धित नियमों के लिए निर्धारित सामान्य निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लिया है |
2. मैं किसी भी स्थिति में शुल्क लौटाने के लिये नहीं कहूँगा/कहूँगी |
3. मुझे किसी भी आपराधिक कृत्य के लिए किसी भी न्यायालय द्वारा कभी दण्डित नहीं किया गया है |
4. (अ) किसी गलती या विवाद की स्थिति में पहले मैं प्रकरण संबंधी पूर्ण वस्तुस्थिति के साथ प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (सामान्य / संस्कृत) प्रवेश परीक्षा, 2024 कार्यालय में प्रतिवेदन भेजूंगा/भेजूंगी और 60 दिवस में मामले का निस्तारण न होने के पश्चात ही न्यायालय से न्याय हेतु कार्यवाही करूंगा/करूंगी| किसी विधिक वाद की स्थिति में न्यायिक कार्य क्षेत्र केवल कोटा स्थित न्यायालय का ही होना मुझे स्वीकार है |
   (ब) यदि मैंने अकारण अथवा वास्तविक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर समन्वयक कार्यालय के विरुद्ध न्यायालय में कोई वाद दायर किया तो समन्वयक को समुचित मुआवजा देने को बाध्य रहूँगा/रहूंगी |
   (स) न्यायालय में दायर सभी विवादों के लिये न्यायिक अधिकार कोटा शहर स्थित न्यायालय का ही होगा|
5. अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के सम्बन्ध में जारी प्रमाण पत्र एक वर्ष के लिये मान्य होगा | क्रीमीलियर में नहीं होने का शपथ पत्र देने पर प्रमाण पत्र आगामी वर्ष में भी मान्य होगा तथा ऐसा अधिकतम 3 वर्षों तक ही किया जा सकेगा |
6. आवेदन पत्र में कमी, त्रुटि होने, तथ्य छिपाने, गलत तथ्य देने की वजह से आवेदन पत्र को किसी भी स्तर पर निरस्त किये जाने हेतु मेरी सहमति है |
7. मै स्वंय परीक्षा प्रवेश पत्र वेबसाईट www.predledraj2024.in से डाउनलोड करूंगा/करूंगी |
8. मेरे मूल दस्तावेजों का अंतिम सत्यापन प्रवेश देने वाली संस्था द्वारा किया जाएगा | यदि इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि या कमी अथवा कोई तथ्य गलत पाया जाये तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी |
9. मेरे द्वारा ऑनलाइन प्रार्थना में दी गई जानकारी को मेरे दस्तावेजों से सावधानीपूर्वक मिलान / जाँच कर सही पाया गया है |
10. मैं इस तथ्य से भलीभांति अवगत हूँ कि मेरे किसी भी दस्तावेज का इस परीक्षा से पूर्व सत्यापन नही किया गया है | समस्त वांछित मूल दस्तावेज प्रवेश के समय प्रवेश देने वाली संस्था के समक्ष प्रस्तुत कर दूँगा/दूंगी |
11. काउंसलिंग में आवंटित अध्यापक शिक्षा संस्थान / संस्था में प्रवेश नही लेने पर मेरी प्रवेश पात्रता स्वत: निरस्त हो जायेगी |

दिनांक.................................   अभ्यर्थी के हस्ताक्षर ....

स्थान..   मोबाइल फोन नं. ....